# गोंडा से गोरखपुर चार लेन रेल कनेक्टिविटी होगी : रेलमंत्री

**बहराइच, संवाददाता।** नेपालगंज-बहराइच नवनिर्मित ब्रॉडगेज के शुभारंभ कार्यक्रम में सोमवार को वर्चुअली दिल्ली से जुड़े रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने पड़ोसी राष्ट्र नेपाल में आई त्रासदी पर संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि भारत पड़ोसी देश की मदद में पूरी शिद्दत से जुटा है। ऐसे समय में सरहद से लगे नेपालगंज में रेल प्रखंड का शुभारंभ हो रहा है।यह सुविधा भारत के साथ नेपाल के नागरिकों के लिए भी बेहतर होगी।

रेलमंत्री ने कहा कि यह शुरुआत है। जिस तेजी से सीएम योगी आदित्यनाथ जमीनों के अधिग्रहण का काम करा रहे हैं, उससे उत्तर प्रदेश के बड़े शहरों में जल्द ही बुलेट ट्रेनें भी दौड़ेंगी। वैष्णव ने कहा कि प्रस्तावित बुलेट ट्रेन गलियारे में यूपी-बिहार के प्रमुख शहरों को दिल्ली से जोड़ा जाएगा।इसमें आगरा, कानपुर, लखनऊ, वाराणसी और पटना शामिल होंगे। रेल मंत्री ने बताया कि इस परियोजना से दिल्ली से करीब 200 किलोमीटर दूर आगरा पहुंचने में 58 मिनट लगेंगे।दिल्ली से 455 किलोमीटर दूर कानपुर की यात्रा एक घंटे 50 मिनट में पूरी होगी।



**07 शहरों से सीधे पूर्वांचल जोड़ने पर मंथन**

## सवा दो घंटे में लखनऊ से दिल्ली पहुंचेंगे

रेलमंत्री ने कहा कि दिल्ली से 495 किलोमीटर दूर लखनऊ पहुंचने में दो घंटे 12 मिनट लगेंगे। वहीं, दिल्ली से करीब 750 किलोमीटर दूर प्रयागराज पहुंचने में तीन घंटे लगेंगे। प्रस्तावित बुलेट ट्रेन दिल्ली से 945 किलोमीटर दूर वाराणसी की यात्रा करीब तीन घंटे 33 मिनट में पूरी करेगी। वहीं, दिल्ली से करीब 1,170 किलोमीटर दूर पटना पहुंचने में लगभग साढ़े चार घंटे लगेंगे।